# एमडीआई मेगामाइंड्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) ने अपने प्रमुख स्टार्टअप पिच इवेंट एमडीआई मेगामाइंड्स के एक और पावर-पैक्ड एडीशन का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्य बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कमरा नंबर ९, एमडीआई गुड़गांव कैंपस में किया गया। एमडीआई मेगामाइंड्स ने अपने आप को ऐसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया है जहां दूरदृष्टा उद्यमियों को अनुभवी निवेशकों एवं स्टार्ट-अप प्रशंसकों के साथ मिलने का मौका मिलता है। एनर्जी से भरपूर इस दिन ने प्रतिभागियों को नेटवर्किंग एवं वास्तविक विकास के अवसर प्रदान किए।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर लीना अजीत कौशल, चेयरपर्सन, एमडीआई, एक्सेलक्यूब (एमएसी) ने कहा, ''हमारा मानना है कि आइडियाज में भविष्य को बदलने की ताकत होती है।